एक नजर

घायल श्रमिकों से मिले धामी

स्वतंत्र चेतना

चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को गोपेश्वर जिला अस्पताल पहुंचकर पीपलकोटी के मायापुर स्थित टीएचडीसी की निमार्णाधीन टनल हादसे में रेस्क्यू किए गए घायल श्रमिकों का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से श्रमिकों के उपचार की जानकारी लेते हुए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य की लगातार निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक श्रमिक की जान बेहद कीमती है और टनल में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। धामी ने बताया कि प्रभावित श्रमिकों के परिजनों को समय पर सूचना उपलब्ध कराने के लिए संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से वार्ता की गई है। हादसे के कारणों की जांच के लिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

पीसीएल, यूजेवीएनएल और पिटकुल की सेवाएं आवश्यक सेवा घोषित, छह माह हड़ताल पर रोक

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। राज्य सरकार ने प्रदेश में विद्युत आपूर्ति एवं ऊर्जा स-`वाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल), उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) और पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) की सभी सेवाओं को छह माह की अवधि के लिए आवश्यक सेवा घोषित किया है। शासन की ओर से आज जारी अधिसूचना के अनुसार तीनों ऊर्जा निगमों की समस्त श्रेणी की सेवाओं में तत्काल प्रभाव से छह माह के लिए हड़ताल निषिद्ध कर दी गई है। प्रमुख सचिव ऊर्जा डॉ. आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने कहा कि लोकहित में निर्बाध विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम के तहत यह निर्णय लिया है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश में बिजली आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखने के साथ आम उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। साथ ही औद्योगिक, व्यावसायिक और घरेलू उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

भालू के हमले से एक युवक घायल

स्वतंत्र चेतना

उत्तरकाशी। मोरी के फिताड़ी गांव में शुक्रवार दोपहर को भालू ने एक युवक पर अचानक हमला कर दिया। इससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे किसी तरह भालू के हमले से बचाया और उसे अस्पतल ले आए। लेकिन सड़क बंद होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ी और डंडी -कंडी के सहारे अस्पताल पहुंचाना पड़ा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गोविंद वन्य जीव विहार पार्क क्षेत्र के फिताड़ी गांव में अनिरुद्ध राणा पुत्र सिलदार सिंह उम्र 22 वर्ष अपने बगीचे बौसनी नामे तोक में गया था।

स्वतंत्रता दिवस पर उत्तराखंड पुलिस के 14 कार्मिकों को मिलेगा मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। स्वतंत्रता दिवस-2026 के अवसर पर उत्तराखंड पुलिस के 14 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए ह्यमुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदकह्न से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पदक के लिए चयनित कार्मिकों के नामों की घोषणा की है। मुख्यमंत्री धामी ने सभी चयनित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पुलिस कार्मिकों की कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और उत्कृष्ट सेवाभाव का सम्मान है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान पूरे पुलिस बल को अपने दायित्वों का और अधिक निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित करेंगे। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, इनमें आठ कार्मिकों का चयन सेवा के आधार पर और छह का चयन विशिष्ट कार्यों के लिए किया गया है। सेवा के आधार पर पदक पाने वालों में पुलिस महानिरीक्षक साइबर/एसटीएफ नीलेश आनंद भरणे, अपर पुलिस अधीक्षक पुलिस दूरसंचार नैनीताल रेवाधर मठपाल, पुलिस उपाधीक्षक सचिवालय/विधानसभा सुरक्षा भास्कर लाल शाह, पुलिस उपाधीक्षक चमोली त्रिवेंद्र सिंह राणा, पुलिस उपाधीक्षक पुलिस मुख्यालय मनीष जस्वाल, निरीक्षक गिरीबर सिंह रावत, निरीक्षक मोहम्मद यासीन तथा 40वीं वाहिनी पीएसी के गुल्मनायक दिनेश चन्द्र शामिल हैं। विशिष्ट कार्य के लिए स्वर्गीय मनोज मनराल, निरीक्षक अभिसूचना, एलआईयू देहरादून और स्वर्गीय विनोद कुमार, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, टिहरी गढ़वाल को मरणोपरांत पदक दिया जाएगा। इसके अलावा पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक सुनील कुमार मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार नवनीत सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम पुलिस थाना देहरादून शान्तनु पराशर और पुलिस उपाधीक्षक अभिसूचना मनोज असवाल का चयन विशिष्ट कार्य के लिए किया गया है।

मुख्यमंत्री धामी ने टनल अंदर जाकर लिया हालात का जायजा

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। उत्तराखंड के चमोली जिले के पीपलकोटी-मायापुर क्षेत्र में टीएचडीसी की निमार्णाधीन टनल में पानी रिसने और मलबा आने की घटना में अब तक सात श्रमिकों की मौत हुई है। हादसे के बाद करीब 22 श्रमिकों के फंसे होने की सूचना मिली थी, जिनमें से 19 को बाहर निकाला जा चुका है। इनमें 12 घायल हैं, जबकि तीन श्रमिकों की तलाश जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सुरंग के भीतर जाकर बचाव कार्यों की स्थिति देखी और अभियान में जुटी टीमों से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने मुख्यमंत्री को अब तक हुए रेस्क्यू अभियान और मौके पर चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरंग में फंसे 22 लोगों में से 19 को अब तक बाहर निकाला जा चुका है, जबकि तीन लोगों की तलाश जारी है। हादसे में अब तक सात लोगों की मौत की सूचना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता का प्रभावी इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, पुलिस और अन्य बचाव दलों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा अभियान को पूरी सावधानी के साथ जारी रखने को कहा। रेस्क्यू किए गए घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय गोपेश्वर पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बचाव अभियान के साथ घायलों के उपचार और प्रभावित श्रमिकों के परिजनों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सुरंग में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान काबीना मंत्री एवं प्रभारी मंत्री भरत चौधरी, थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, राज्य मंत्री हरक सिंह, पूर्व काबीना मंत्री राजेंद्र भंडारी, नगर पंचायत अध्यक्ष आरती नवानी, सभासद राजा जोशी, आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल आयुक्त आनंद स्वरूप, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, उपजिलाधिकारी राजकुमार पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की आज सुबह नौ बजे की रिपोर्ट के अनुसार, घटना 13 अगस्त की शाम करीब 7:05 बजे मायापुर में टीएचडीसी की निमार्णाधीन टनल में हुई। विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की टीआरटी सुरंग की लंबाई करीब तीन किलोमीटर है। प्रशासन के अनुसार, सुरंग के करीब 1.50 किलोमीटर हिस्से में भू-धंसाव के कारण मलबा और पानी भर गया, जिसके चलते वहां काम कर रहे श्रमिक फंस गए। बेस चिकित्सालय श्रीनगर तथा एम्स ऋषिकेश को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खोज एवं बचाव अभियान पूरा होने के बाद विस्तृत सूचना जारी की जाएगी और घायलों और मृतकों के आंकड़े बढ़ सकते हैं। राहत एवं बचाव अभियान लगातार जारी है। सुबह 9:30 बजे तक स्थानीय पुलिस के 22 जवान, एसडीआरएफ के 25 जवान, एनडीआरएफ के 105 बचावकर्मी, डॉग स्क्वॉड, सेना के 52 जवान, डीजीआरई के 14 बचावकर्मी, जिला प्रशासन, मेडिकल टीम और टीएचडीसी की मशीनों और मानव शक्ति की मदद से खोज एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा था।

घायल श्रमिकों की सूची

-सुनील दीवान, पिता संतोष दीवान, उम्र 20 वर्ष — छत्तीसगढ़। जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में उपचार।

-हारबिल गुड़िया, पिता रेजन गुड़िया, उम्र 27 वर्ष — निवासी तपरा, कमड़ा, जिला खूंटी, झारखंड। जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में उपचार।

-निस्तार भिंगरा, पिता राफेल भिंगरा, उम्र 24 वर्ष — झारखंड। जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में उपचार।

-विनोद रावना, पिता तुनिया रावना, उम्र 46 वर्ष — झारखंड। जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में उपचार।

-दीना बैगरा, पिता कैला बैगरा, उम्र 26 वर्ष — झारखंड। जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में उपचार।

-खेला राम बिसरा, पिता मोनसा बिसरा, उम्र 22 वर्ष — झारखंड। जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में उपचार।

-सुबेरा सिंह, पिता वीरा सिंह, उम्र 45 वर्ष — पंजाब। जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में उपचार।

-तिलकराज, पिता बुद्धीराम, उम्र — उपलब्ध नहीं — हिमाचल प्रदेश। जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में उपचार।

-पेन सिंह, पिता पीला सिंह, उम्र 33 वर्ष — छत्तीसगढ़। जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में उपचार।

-रोहित पांडे, पिता अवधेश पांडे, उम्र 20 वर्ष — बिहार। बेस अस्पताल श्रीनगर में उपचार चल रहा है।

-गोविन्दो मंडाल, पिता परीक्षित मंडाल — पश्चिम बंगाल। अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा चुका है।

मृतकों की सूची

-प्रदीप पंवार, पिता अवतार सिंह, उम्र 31 वर्ष — टिहरी गढ़वाल।

-मुकेश सिंह, पिता प्रेम सिंह — चमोली।

-दुर्लभ शर्मा, पिता भवानी राम शर्मा — उत्तर प्रदेश।

-विजय हंसदा, पिता राम चन्द्र — उत्तर प्रदेश।

-जितेन्द्र कुमार, पिता राम चन्द्र — उत्तर प्रदेश।

-लोकेश्वर, पिता सोन सिंह पोयम — छत्तीसगढ़।

-भुनेश्वर, पिता सुरेन्द्र कुमार — छत्तीसगढ़।

लापता श्रमिक

-लुकास टोपनो, पिता बॉस्सा टोपनो — झारखंड।

-चेतन पोयाम, पिता सोनधार पोयाम — छत्तीसगढ़।

-देवनाथ, पिता धनसुराम बघेल — छत्तीसगढ़।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई-टेंडर संख्या जिनके बंद होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। निम्नलिखित टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

टेंडर संख्या	157-DRM-MB-26-27 Date: 14.08.2026	161-DRM-MB-26-27 Date: 14.08.2026
कार्य का नाम	TSR (P) = 48.231 Kms by PQRS & others allied works in MB – GZB section under jurisdiction of Sr.DEN/IV/MB.	Safety work related misc. track works in the section of SSE/P.way/NBD under ADEN/NBD.
टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय	08.09.2026 (16:00 hrs.)	08.09.2026 (16:00 hrs.)
अनुमानित लागत(₹)	₹6,59,67,070.91	₹72,37,219.69
धरोहर राशि(₹)	₹13,19,400/-	₹1,44,800/-
कार्य पूर्ण करने की अवधि	10 माह	08 माह
बिडिंग आरंभ तिथि	25.08.2026	25.08.2026

टेंडर नं.: Sr. DEN-IV/Publication/26-27 दिनांक: 14.08.2026 2832/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/मुरादाबाद, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या एवं कार्य का विवरण	लगभग लागत (रु.)	अग्रिम धन (रु.)	निविदा फॉर्म की लागत (रु.)	निविदा प्रस्तुत करने एवं खोलने की अंतिम तिथि एवं समय
1	2	3	4	5	6
1	**एसएनटी-एफओबी 2025-26-** एडीईएन/हरिद्वार एवं एडीईएन रुड़की के अंतर्गत पथरी, ऐथल, रायवाला, लक्सर, ज्वालापुर एवं मोतीचूर स्टेशनों पर उच्च स्तरीय प्लेटफार्म, एफओबी एवं रैंप के प्रावधान से संबंधित एसएनटी कार्य।	1,65,88,527.09	3,31,800.00	निल	08 सितम्बर 2026, 15:00 बजे
2	**एसएनटी-टेली-दिव्यांजन -** एडीईएन हरिद्वार एवं एडीईएन/रुड़की के अंतर्गत डीडीएन, एचडब्ल्यू, एटीएमओ, पीआरआई, आईकेके, जेडब्ल्यूपी, एमओटीसी, आरकेएसएच एवं एलआरजे स्टेशनों के उन्नयन तथा विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं के प्रावधान से संबंधित एसएनटी कार्य।	1,84,17,825.43	3,68,400.00	निल	08 सितम्बर 2026, 15:00 बजे

नोटः निविदा का पूरा विवरण **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **निविदा सूचना-एसएनटी एफओबी 2025-26 और एसएनटी टेली-दिव्यांजन दिनांक 14.08.2026** 2834/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

स्वतंत्रता दिवस पर उत्तराखंड के 154 पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट सेवा, कर्तव्यनिष्ठा, विशिष्ट कार्य और उल्लेखनीय योगदान के लिए उत्तराखंड पुलिस के 154 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय की ओर से चयनित पुलिसकर्मियों को पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क गोल्ड, प्रशस्ति डिस्क सिल्वर और पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने सम्मानित होने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विशिष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किए जाने से अन्य पुलिसकर्मियों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी जवान इसी प्रतिबद्धता के साथ जनसेवा और विभाग के हित में उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे। पुलिस मुख्यालय के अनुसार सेवा के आधार पर पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क सिल्वर के लिए 25 पुलिसकर्मियों और सेवा के आधार पर प्रशस्ति डिस्क गोल्ड के लिए 12 पुलिसकर्मियों का चयन किया गया है। वहीं, विशिष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति डिस्क सिल्वर से 89 और प्रशस्ति डिस्क गोल्ड से 12 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति पत्र के लिए 16 पुलिसकर्मियों का चयन हुआ है। सम्मानित होने वालों में पुलिस मुख्यालय, जिलों, एसटीएफ, एसडीआरएफ, पीएसी, अग्निशमन एवं आपात सेवा, यातायात, अभिसूचना, साइबर क्राइम, मुख्यमंत्री सुरक्षा और लोकभवन सुरक्षा सहित विभिन्न इकाइयों में तैनात अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। विशिष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति डिस्क गोल्ड पाने वालों में पुलिस महानिरीक्षक अग्निशमन एवं आपात सेवा विम्मी सचदेवा रमन, पुलिस महानिरीक्षक जीआरपी व निदेशक यातायात कृष्ण कुमार वीके, पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र निवेदिता कुकरेती और पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी कमलेश उपाध्याय समेत 12 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। सेवा के आधार पर प्रशस्ति डिस्क गोल्ड पाने वालों में हरिद्वार के पुलिस उपाधीक्षक शिशुपाल सिंह नेगी और संजय चौहान, पुलिस मुख्यालय के निरीक्षक दिनेश प्रसाद थपलियाल, बागेश्वर के निरीक्षक सलाउद्दीन तथा हरिद्वार के निरीक्षक गोविन्द कुमार समेत 12 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई-टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन **16:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत और धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

टेन्डर संख्या	154-DRM-MB-26-27 Date - 13.08.2026
कार्य का नाम	Supplying & Loading, leading, unloading & stacking of 68000 cum machine crushed stone ballast of 65 mm gauge size as per Railway Specification including loading of ballast into Rly. Wagons / hoppers at mandi Dhanaura Depot. under Sr.DEN/Co./MB.
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक	08.09.2026
टेन्डर क्लोसिंग समय	16:00 hrs.
अनुमानित लागत (रु.)	10,49,58,000.00
धरोहर राशि (रु.)	20,99,200.00
कार्य पूर्ण करने की अवधि	10 माह
बिडिंग आरंभ तिथि	22.08.2026

टेंडर नं.: Sr. DEN-C/Publication/26-27 दिनांक: 13.08.2026 2801/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. सं.	कार्य का नाम एवं लोकेशन	कार्य की अनुमानित लागत (रू.)	कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है	बिड सिक्योरिटी	कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि	निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय	वेबसाइट एवम कार्यालय का पता
1	28/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2026:- एलआरजे, आरकेएसएच, वाईएनआरके, एचडब्ल्यू, डीडीएन आदि स्टेशनों पर रेलवे परिसर में प्रकाश व्यवस्था के उन्नयन के लिए विद्युत कार्य, साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए टेंटों में अस्थायी प्रकाश की व्यवस्था एवं एमबी डिवीजन के यार्ड और स्टेशनों में रेलवे कर्मचारियों और यात्रियों के सुरक्षित कामकाज के लिए प्रकाश व्यवस्था के उन्नयन और नई प्रकाश व्यवस्था के निर्माण हेतु विद्युत कार्य (चरण 1)।	69408058.36 (जीएसटी सहित)	विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद	1388200.00	6 (छह) माह	निविदायें दिनांक 07.09.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी।	वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद।

सूचना संख्या : 27/2026 दिनांकः 17/08/2026 2827/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

Tender No. & Date	155-DRM-MB-26-27 dt. 14.08.2026	156-DRM-MB-26-27 dt. 14.08.2026
Name of work	Misc. track works in c/w Leftover work of common user traffic facility in c/w yard remodelling of DLP for development of GCT.	Misc. civil works in c/w Leftover work of common user traffic facility in c/w yard remodelling of DLP for development of GCT.
Tender Closing Date/Time	08.09.2026	08.09.2026
Advertised Value (Rs.)	97,88,942.91	1,49,52,356.87
Earnest Money (Rs.)	1,95,800.00	2,99,100.00
Tender Cost (Rs.)	00	00
Bidding Start Date	25.08.2026	25.08.2026
Period of Completion	06 Months	06 Months

सं.: 75-W /2/3/WA/Publication दिनांक: 14.08.2026 2823/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर शहीदों को नमन

यह दिन लाखों परिवारों के दर्द और बलिदान को याद करने का अवसर : मुख्यमंत्री धामी

स्वतंत्र चेतना

हरिद्वार। उत्तरांचल पंजाबी महासभा की ओर से प्रेम नगर आश्रम हरिद्वार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत विभाजन की त्रासदी में शहीद हुए लाखों भारतीयों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर विभाजन की पीड़ा झेलने वाले परिवारों और शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पगड़ी पहनाकर एवं त्रिशूल भेंट कर स्वागत करते हुए किया गया। इस दौरान पंजाबी समाज के लोगों ने विभाजन के दौरान अपने प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1947 का विभाजन केवल भारत की भौगोलिक सीमाओं का बंटवारा नहीं था, बल्कि यह करोड़ों लोगों की साझा विरासत, संस्कृति, पहचान और भावनाओं का भी विस्थापन था। सदियों से साथ रहने वाले लोग रातों-रात एक-दूसरे से अलग हो गए और लाखों परिवारों को अपना घर-बार छोड़कर विस्थापन का दंश झेलना पड़ा। उन्होंने विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस दर्दनाक इतिहास को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय ऐतिहासिक है। इसका उद्देश्य उन पीड़ित परिवारों के संघर्ष और बलिदान को स्मरण करना तथा नई पीढ़ी को देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आज देश अपनी सांस्कृतिक जड़ों और गौरवशाली विरासत से पुनः जुड़ रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर, केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम के पुनर्निर्माण, महाकाल लोक और करतारपुर कॉरिडोर जैसे कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत अपनी विरासत को दिव्यता और भव्यता के साथ पुनर्स्थापित कर रहा है। उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों में बदलाव, तीन तलाक की प्रथा पर रोक, नागरिकता संशोधन कानून, वक्फ कानून में संशोधन तथा 1984 के सिख दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने जैसे निर्णयों का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के विकास, समृद्धि और स्वाभिमान के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। दूरस्थ क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छ पेयजल और आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही राज्य की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं संवर्धन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी कुंभ को ऐतिहासिक, भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के साथ-साथ उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और पहचान को संरक्षित रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar, Apni Pehchan

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

रजिस्टर्ड ऑफिसः 6वीं मंज़िल, बी बिल्डिंग, गागा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014

यूनिट से ब्रांचः आर.के. टावर, दूसरी मंज़िल, स्वामी हरिचूराम ट्रस्ट के सामने, कनखल रोड, आर्य नगर चौक, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखंड - 249407

ई-ऑक्शन सेल नोटिस सरफेसी एक्ट के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री

'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' (जिसे आगे 'एक्ट' कहा जाएगा) और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 8 और 9 के तहत अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गिरवी रखने वाले/गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्तियां, जिन्हें 'ग्रिहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' (जिसे एक्ट के अनुसार 'सिक्योर्ड क्रेडिटर' कहा जाएगा) के पास गिरवी रखा गया था, उनका कब्जा 'सिक्योर्ड क्रेडिटर' के अधिकृत अधिकारी ने एक्ट की धारा 13(12) और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स' के नियम 8 और 9 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए और एक्ट की धारा 13(2) के तहत नोटिस के बाद ले लिया है।

सुरक्षित संपत्तियों को 31-08-2026 को ई-नीलामी के माध्यम से "जैसा है, जहाँ है" (As is where is), "जैसा है, वैसा है" **(As is what is)** और "जो कुछ भी है" **(Whatever there is)** के आधार पर बेचा जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम **https://www.bankeauctions.com** वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों **(T&Cs)** के लिए, कृपया **GHFL**/सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट **www.grihumhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम {ए}	मांग सूचना दिनांक और उत्कृष्ट राशि {बी}	कब्जे की प्रकृति {सी}	विवरण संपत्ति का {डी}	संरक्षित कीमत {ई}	ईएमडी (10% आरपी के) {एफ}	ईएमडी जमा करने की तिथि {जी}	वृद्धिशील बोली {एच}	संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय {क}	दिनांक और का समय नीलामी {जे}	ज्ञात अतिक्रमण-प्रतिबंध/अदालत मामले यदि कोई हों {के}
ऋण सं. एचएफ0 557H21100029 मोहम्मद फरीद (उधार लेने वाला) अब्दुल रसीद (सी.ओ.) उधार लेने वाला) मोहम्मद तालिब तालिब	नोटिस की तारीखः 09-03-2026 कुल बकाया राशिः रू.16,42,122/- (सोलह लाख बयालीस हजार एक सौ बाईस रुपये) जो 09-03-2026 तक देय है, साथ ही भुगतान होने तक 14.85% सालाना की दर से ब्याज भी देना होगा।	भौतिक	खसरा नंबर 196 Sa Min का वह पूरा हिस्सा, जिसका क्षेत्रफल 1113.75 वर्ग फुट या 103.50 वर्ग मीटर है। यह सितारगंज गांव, वार्ड नंबर 1, तहसील-सितारगंज, ज़िला उधम सिंह नगर में स्थित है। इसकी सीमाएं (बिक्री समझौते के अनुसार) इस प्रकार हैं:- पूर्वः किसी अन्य व्यक्ति की जमीन, पश्चिमः किसी अन्य व्यक्ति की जमीन, उत्तरः 13 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः सुनील की जमीन।	रू. 16,00,000/- (सोलह लाख रुपये मात्र)	रु. 1,60,000/- (एक लाख साठ हजार रुपये मात्र)	28-08-2026 शाम 5 बजे से पहले	10,000/-	24-08-2026 (सुबह 11 बजे शाम 4 बजे)	31-08-2026 (सुबह 11 बजे दोपहर 2 बजे)	शून्य
ऋण सं. HL00173100000 005061341 पप्पू सो मेहर सिंह (उधार लेने वाला) सोनिया सोनिया (सी.ओ उधार लेने वाला)	नोटिस की तारीखः 09-01-2026 कुल बकाया राशिः रू.2,09,967/- (दो लाख नौ हजार नौ सौ सड़सठ रुपये) 09-01-2026 तक देय, साथ ही 12.99% सालाना की दर से ब्याज, जब तक पूरी रकम वसूल न हो जाए।	भौतिक	फ्लैट नंबर एस का वह सारा टुकड़ा और पार्सल-312, तीसरी मंजिल, कुल कालीन युक्त क्षेत्रफल 23.04 वर्ग मीटर, में "ओजस" के नाम और शैली में प्रोजेक्ट आवास विकास आनेकी हेतमपुर" खसरा नंबर 1840, 1841 और से संबंधित 1842, ग्राम आन्नेकी में स्थित हेतमपुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार	रू. 3,23,400/- (तीन लाख तेईस हजार चार सौ रुपये मात्र)	रु. 32,340/- (बत्तीस हजार तीन सौ चालीस रुपये मात्र)	28-08-2026 शाम 5 बजे से पहले	10,000/-	24-08-2026 (सुबह 11 बजे शाम 4 बजे)	31-08-2026 (सुबह 11 बजे दोपहर 2 बजे)	शून्य

बोली लगाने/खरीदने के इच्छुक लोगों को सलाह दी जाती है कि वे बोली जमा करने से पहले 'सिक्योर्ड क्रेडिटर ब्रांच' और नीलामी वाली प्रॉपर्टी का दौरा करें, खुद जांच-पड़ताल करें और अतिरिक्त शुल्क, देनदारियों **(encumbrances)** और किसी तीसरे पक्ष के अधिकारों के बारे में पता करके पूरी तरह संतुष्ट हो लें। प्रॉपर्टी से जुड़े सभी कानूनी बकाया जैसे प्रॉपर्टी टैक्स, बिजली/पानी का बिल और कोई अन्य बकाया, अगर हो, तो सफल बोलीदाता को ही पता करना होगा और उसका भुगतान करना होगा।

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर खुद को रजिस्टर करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता **'C1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड'** से पहले ही लॉगिन **ID** और पासवर्ड लेना होगा, जो ई-बिडिंग के लिए जरूरी है। पता- प्लॉट नंबर-68, तीसरी मंज़िल, गुड़गांव, हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर- 7291981124, 25, 26; सपोर्ट ईमेल **ID- Support@bankeauctions.com**। संपर्क व्यक्ति- धरणी **P**, ईमेल **ID-dharani.p@c1india.com**, संपर्क नंबर- 9948182222। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ही ई-नीलामी पर ऑनलाइन ट्रेनिंग ले सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को **'अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट' (EMD)** की राशि **NEFT/RTGS/DD** के जरिए **"GRIHUM HOUSING FINANCE LIMITED - AUCTION PROCEEDS A/C"** खाते में जमा करनी होगी। बैंक- **ICICI** बैंक लिमिटेड, खाता नंबर- 091551000028 और **IFSC** कोड- **ICIC0000915** (**ICICI** बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर 411014)। यह भुगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत या शेड्यूल्ड बैंक से 28-08-2026 को या उससे पहले किया जाना चाहिए। साथ ही, उन्हें **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम रजिस्टर करना होगा, मुफ़्त में यूजर **ID** और पासवर्ड प्राप्त करना होगा और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी की ट्रेनिंग लेनी होगी। वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद, इच्छुक खरीदार/बोली लगाने वाले को नीचे दिए गए डॉक्यूमेंट्स की कॉपी अपलोड करनी होगी, ईमेल करनी होगी और खुद से अटेस्ट की हुई हार्ड कॉपी इस पते पर भेजनी होगीः पताः **R.K.** टॉवर, दूसरी मंज़िल, स्वामी हरिचुरम ट्रस्ट के सामने, कनखल रोड, आर्य नगर चौक, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखंड - 249407 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ईमेल **ID p.adith@grihumhousing.com** नियम और शर्तों के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए और ई-ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए कृपया **https://www.bankeauctions.com** और **www.grihumhousing.com** पर जाएं।

स्थानः- उधम सिंह नगर, हरिद्वार उत्तराखंड   दिनांकः 15.08.2026   अधिकृत अधिकारी, ग्रिहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड